प्रकाशनार्थ समाचार

आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का द्वितीय दिवस

लक्ष्य विहीन व्यक्ति पशु के समान है

–राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ अनिल आर्य

नोएडा । शनिवार 7 जून 2015, नई दिल्ली केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में ऐमेटी इन्टरनेश्नल स्कूल सैक्टर 44 नोएडा मं विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर में लगभग 300 युवकों ने भाग लिया। शिविर का समापन 14 जून सायं 5 बजे होगा। शिविर में 8 दिन तक युवकों को योगासन, प्राणायाम, नैतिक शिक्षा, पी0टी0, जूडो–कराटे, दण्ड–बैठक, आत्म–रक्षा प्रशिक्षण, नेतृत्वकला, भाषण कला,भारतीय संस्कृति, संध्या–यज्ञ, देश भक्ति की भावना आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनिल आर्य ने युवकों को संबोधित करते हुये कहा कि बिना लक्ष्य के व्यक्ति पशु के समान है। आप लोगों को अपने लक्ष्य को स्वयं ही निश्चित करना पडेगा। डॉ0 आर्य ने कहा कि देश की आजादी की लडाई में आर्य समाज के लोगों का 80ः योगदान रहा था लेकिन आज राष्ट्र में उनकी उपेक्षा हो रही है। उन्होंने युवकों से बीडी, सिगरेट, अण्डा, शराब आदि से दूर रहने का संकल्प कराया।

परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेन्द्र भाई जी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए युवकों का चरित्रवान होना पहली आवश्यक्ता है, पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित युवक दिशा हीन हो गया है । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद इन शिविरों के माध्यम से युवकों को सही दिशा देने का काम कर रहा है।

अंत में अरूण आर्य ने कहा कि शिक्षकों व अधिकारियों के आदेश का पालन करना शिविरार्थियों का मुख्य उद्‌देश्य होना चाहिये।

युवा गायक श्री अंकित उपाध्याय ने अपने देश भक्ति के ओजस्वी गीतों के माध्यम से युवकों में देश भक्ति की भावना जागृत कर दी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामकुमार सिंह, यशोवीर आर्य, कै0 अशोक गुलाटी, योगेन्द्र शास्त्री, प्रकाशवीर शास्त्री, रविन्द्र मेहता, त्रिलोक उमराव आर्य, हर्ष बवेजा, सौरभ गुप्ता, विश्वनाथ आर्य आदि उपस्थित रहे।

भवदीय

हर्ष बवेजा

प्रेस सचिव

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली

9958403012